the recommendations of Maharashtra Government for setting up of a crude Stabilisation Unit by ONGC at Usar in Maharashra State?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM (SHRI NAWAL KISHORE SHARMA): The Maharashtra Government has recommended setting of an ONGC terminal at Usar for crude bandling and stabilisation. The ONGC have also submitted a Feasibility Report on which a decision would be taken after the finalisation of the VII plan.

अधिवक्ताओं की नियुक्ति

661. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पेट्रोलियम विभाग के अन्तर्गत विभिन्न शाखाओं द्वारा मामलों की देख-रेख करने के लिए विभिन्न स्तरों पर अधिवक्ताओं की नियुक्ति की जाती है ;

(ख) यदि हां, तो ये नियुक्तियां किस-किस स्तर पर किसके द्वारा की जाती हैं, और सूची में दर्ज अधिवक्ताओं की संख्या कितनी है ; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उनके ऊपर कितना खर्च किया गया है ?

पेट्रोलियम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री नवल किशोर शर्मा): पेट्रोलियम मंत्रालय के अधीन कोई शाखा कार्यालय नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

अधिकारियों के सत्कार व सुविधाओं पर किया गया खर्च

662. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी :

क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में पेट्रोलियम मंत्रालय की किस-किस कंपनी के अध्यक्षों, प्रबन्ध निदेशकों, महाप्रबन्धकों और प्रबंध-मंडल के सदस्यों की यात्रा, रात्रि विश्राम भत्ते, विदेशी यात्रा, आवास सुविधा तथा अतिथि सत्कार पर कितना-कितना खर्च हुआ है और खर्च की गई राशि कुल खर्च का कितना प्रतिशत है ;

(ख) क्या इन खर्चों के औचित्य की जांच की गई है ;

(ग) क्या इनमें से कुछ खर्चों पर आपत्ति उठाई गई है ; और

(घ) यदि हां, तो इन अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है ?

पेट्रोलियम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री नवल किशोर शर्मा) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

गैस सिलेण्डरों की रंगाई

663. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी :

क्या **पेट्रोलियम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सिलेण्डरों की रंगाई के लिए एजेन्टों की नियुक्ति की जाती है यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने एजेन्टों को कितने रुपए का काम सौंपा गया ;

(ख) रंगाई की एजेन्सी देने की प्रक्रिया क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि दिल्ली की एक कंपनी को रंगाई का काम बिना किसी टेंडर के आमंत्रित किये ही दे दिया गया है और उसके द्वारा घटिया दर्जे की रंगाई की गई है ; क्या बिना रंगाई के ही फर्जी भुगतान भी किया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके लिए दोषी व्यक्ति कौन है ?

पेट्रोलियम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री नवल किशोर शर्मा) : (क) जी, नहीं ।